आप पार्टी सरकार की नाकामी ने पंजाब को नशे की आग में झोंका- भजनलाल

मुख्यमंत्री भजनलाल ने फिरोजपुर में ''नशा संबंधी यात्रा-नशा मुक्त पंजाब'' की जनसभा को संबोधित किया

फिरोजपुर, 27 सितंबर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को पंजाब के फिरोजपुर के ममदोट में ''नशा विरोधी यात्रा-नशा मुक्त पंजाब'' के तहत जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि यहां की सरकार की घोर नाकामी ने पंजाब को नशे की आग में झोंक दिया है। लेकिन

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को पंजाब के फिरोजपुर के ममदोट में ''नशा विरोधी यात्रा-नशा मुक्त पंजाब'' के तहत आयोजित जनसभा को संबोधित किया।

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि ''नशा मुक्त पंजाब आंदोलन'', पंजाब के भविष्य को बचाने की लड़ाई है। पंजाब को तस्करों के हवाले नहीं छोड़ा जा सकता।**

अब यह साजिश और अधिक दिन नहीं चलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पंजाब सहित पूरे देश को नशे से बचाने का संकल्प लिया है। वर्ष 2029 तक भारत को पूरी तरह नशामुक्त बनाने के लिए मजबूत रोडमैप तैयार किया गया है, जो 200 से अधिक कार्य-बिंदुओं पर आधारित है। इसका उद्देश्य नशे के स्रोत, तस्करी के रूट और मुख्य सरगनाओं को बेनकाब करना तथा नशीली दवाओं की सप्लाई चेन और हवाला फंडिंग के तंत्र को तोडना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी ने तीन से छह महीने में नशा खत्म करने की गारंटी दी थी, लेकिन इसके बाद तारीखें बदलती रहीं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार की ओर से एनडीपीएस मामलों में सजा की दर बढ़ ने का दावा किया गया है, लेकिन पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2022 से 2024 के बीच पंजाब में 33 हजार से अधिक नशे के मामले दर्ज हुए। वर्ष 2025 में देशभर में ड्रोन से नशे की तस्करी की 305 घटनाएं दर्ज हुईं, जिनमें 298 घटनाएं पंजाब बॉर्डर पर हुईं और 460 किलोग्राम ड्रग्स बरामद की गई। उन्होंने कहा कि केवल छोटे मोहरों की गिरफ्तारी पर्याप्त नहीं है, नशे के असली माफिया और हैंडलर तक पहुंचना जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नशामुक्त पंजाब आंदोलन पंजाब के भविष्य को बचाने की लड़ाई है और इसके लिए भारतीय जनता पार्टी अब सड़कों पर उतरी है। इस अभियान से जुड़ने का आव्हान करते हुए हम सभी को पंजाब को तस्करों के हवाले नहीं छोड़ा जा सकता। नशे को हराने के लिए सभी को मिलकर आगे आना होगा।

ममता तृणमूल के विधायक कुणाल घोष पर लगातार दूसरे दिन भी हमला

कोलकाता, 27 सितंबर। कोलकाता के फूलबागान-नारकेलडांगा इलाके में रविवार को ममता तृणमूल के विधायक कुणाल घोष के वाहन पर फिर हमला किया गया। यह 24 घंटे के भीतर उनकी कार पर हमले की दूसरी घटना है। शनिवार को हुगली के उत्तरपाड़ा में भी उनकी कार पर पत्थर और अंडे फेंके गए थे।

कुणाल घोष के अनुसार, वह बेलियाघाटा विधानसभा क्षेत्र में एक कार्यक्रम में जा रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार लोगों के एक समूह ने उनकी कार को घेर लिया और हथौड़े से शीशा तोड़ दिया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि हमलावरों में से एक ने उनके सुरक्षाकर्मी की ओर बंदूक तान दी। घटना के बाद घोष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई।

- **बेलियाघाटा विधानसभा क्षेत्र में बाइक सवार लोगों ने उनकी कार को घेरकर हथौड़े से शीशें तोड़ दिए। चौबीस घंटे के अंदर उनकी कार पर हमले की यह दूसरी घटना है।**

घोष ने पत्रकारों को कार के टूटे शीशे के टुकड़े दिखाते हुए कहा कि शनिवार के बाद रविवार को फिर उन्हें निशाना बनाया गया। शनिवार को वह पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सभा में शामिल होने के लिए श्रीरामपुर जा रहे थे, तभी उत्तरपाड़ा में उनकी कार पर पथराव और अंडे फेंके गए थे।

मंत्री प्रवेश वर्मा ने एक युवक को सरेआम थप्पड़ मारा

दिल्ली सरकार के मंत्री का कहना है कि युवक ने उनके परिवार को गालियां दी थीं

- **मंत्री प्रवेश वर्मा तिलक नगर में सड़क निर्माण के निरीक्षण के लिए गए थे। वहाँ आप पार्टी के विधायक जनरैल सिंह और उनके समर्थकों से उनकी बहस हो गई।**

नई दिल्ली, 27 सितंबर। दिल्ली सरकार में मंत्री प्रवेश वर्मा पर थप्पड़ मारने का आरोप लगा है। आम आदमी पार्टी एक वीडियो शेयर कर रही है, जिसमें दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश वर्मा एक युवक को थप्पड़ मारते नजर आ रहे हैं। आम आदमी पार्टी दावा कर रही है कि सवाल पूछने पर प्रवेश वर्मा ने युवक को थप्पड़ मारा। आज प्रवेश वर्मा तिलक नगर इलाके में सड़क निर्माण का निरीक्षण करने गए थे, जहां पर स्थानीय आप विधायक जरनैल सिंह के साथ उनके समर्थक मौजूद थे। सड़क की क्वालिटी को लेकर प्रवेश वर्मा और आप विधायक जरनैल सिंह के बीच बहस हुई, जिसके बाद आप कार्यकर्ताओं ने हंगामा शुरू कर दिया।

इसी दौरान, आप विधायक जरनैल सिंह के सोशल मीडिया का काम देखने वाला शख्स प्रवेश वर्मा के सामने आकर वीडियो बनाने लगा। हालांकि, प्रवेश वर्मा और जरनैल सिंह के बीच क्या बात हुई, यह बात ऑडियो और वीडियो में समझ नहीं आ रही है। लेकिन इसके बाद बाद प्रवेश वर्मा ने उस शख्स को थप्पड़ जड़ दिया।

थप्पड़ की घटना पर मंत्री प्रवेश वर्मा का बयान भी आया है। प्रवेश वर्मा ने कहा कि ''तिलक नगर में सड़क निरीक्षण के लिए मैं गया था। वहां आप विधायक जनरैल सिंह अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे। फिर, आप कार्यकर्ताओं ने मेरे साथ धक्का-मुक्की की और मेरे परिवार को गालियां दीं।'' प्रवेश वर्मा ने आप विधायक पर कमीशन मांगने का आरोप भी लगाया है।

मंत्री ने कहा कि हमारे इंजीनियर ने पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है और एफआईआर करवा रहे हैं क्योंकि जरनैल सिंह को कोई कमीशन नहीं मिला इसलिए वे सुबह साइट पर जाते थे-रात में सड़क बनने के बाद उसे उखाड़ देते थे।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरिवंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर संबंधित वीडियो जारी करते हुए इस घटना को गुंडागर्दी बताते हुए कहा कि सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार दिखाने पर मंत्री ने युवक को सरेआम थप्पड़ मारा। उन्होंने कहा कि वह कल तिलक नगर जाकर इस सड़क का मुआयना करेंगे।

पीड़ित युवक ने कहा कि वह विधायक जरनैल सिंह के लिए सोशल मीडिया गतिविधियां संभालता है। पीडब्ल्यूडी विभाग की तरफ से उसे एक सड़क की हालत दिखाने के लिए बुलाया गया था इसलिए वह यहां आया। युवक का दावा है कि उसने दिखाया कि सड़क की सतह कैसे टूट रही थी। युवक का आरोप है कि इसके बारे में जानकारी देने पर मंत्री बर्दाश्त नहीं कर पाए और उन्होंने उसपर हाथ उठाते हुए उसके साथियों को जान से मारने की धमकी दी।

यूपीआई ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

की कार्यसूची के अनुसार, मामले की सुनवाई प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ करेगी। याचिका में कहा गया है कि यह शुल्क पर्याप्त कानूनी सुरक्षा, पारदर्शिता और सार्वजनिक परामर्श के बिना लागू किया गया है।

नई व्यवस्था के तहत सामान्य व्यक्ति से कारोबारी यानी पी2एम यूपीआई भुगतान में 2,000 रुपये से अधिक की राशि पर 0.4 प्रतिशत एमडीआर लगाया जाएगा। यह शुल्क 75,000 रुपये या उससे अधिक के भुगतान पर अधिकतम 300 रुपये तक सीमित रहेगा।

रूस ने यूक्रेन की सबसे बड़ी मोबाइल सेवा कंपनी के मुख्यालय पर हमला किया

पिछले कुछ दिनों से रूस-यूक्रेन के डेटा सैंटरों तथा संचार ढांचे पर लगातार हमले कर रहा है

कीव, 27 सितंबर। रूस ने रविवार को यूक्रेन की सबसे बड़ी मोबाइल सेवा कंपनी 'कीवस्टार' के मुख्यालय को निशाना बनाया। कंपनी ने बताया कि कीव स्थित उसके कार्यालय पर हमला हुआ, हालांकि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। इस बीच रूस ने यूक्रेन के डेटा सेंटरों और संचार ढ ांचे पर हमले जारी रखे हैं।

कीवस्टार ने स्थानीय समाचार एजेंसी इंटरफैक्स-यूक्रेन को बताया कि राजधानी कीव में स्थित उसका मुख्यालय हमले की चपेट में आया। कंपनी के अनुसार, इस घटना में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने भी रविवार को दावा किया कि उसकी सेना ने यूक्रेन की दूसरी सबसे बड़ी मोबाइल नेटवर्क कंपनी 'वोडाफोन यूक्रेन' से जुड़े एक डेटा सेंटर को निशाना बनाया। हालांकि वोडाफोन यूक्रेन की ओर से इस संबंध में तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई।

- **यूक्रेन के डिजिटल मंत्रालय के अनुसार, गत एक सप्ताह में रूस द्वारा कई डेटा सैंटरों को निशाना बनाने से करीब एक लाख घरों की इंटरनेट सेवाएं प्रभावित हुई हैं।**

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने रविवार सुबह कीव में एक डेटा सेंटर पर दो बार हमला किया। उनके अनुसार, इस घटना में दो बच्चे और एक वयस्क घायल हुए।

यूक्रेन के डिजिटल मंत्रालय के अनुसार, पिछले एक सप्ताह के दौरान रूस ने देश के इंटरनेट सेवा प्रदाताओं से जुड़े कई डेटा सेंटरों को निशाना बनाया है। इन हमलों के कारण कीव और आसपास के क्षेत्रों में करीब एक लाख घरों की इंटरनेट और अन्य संचार सेवाएं प्रभावित हुईं।

यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्रिय सिबिहा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि रूस प्रमुख यूक्रेनी डेटा सेंटरों को निशाना बनाकर सूचना के प्रवाह को बाधित करने की कोशिश कर रहा है।

उन्होंने मिसाइल और ड्रोन हमलों की समय पर चेतावनी को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि ऐसी चेतावनियां लोगों की जान बचाने में मदद करती हैं।

वांगचुक ने सीजेपी के प्रदर्शन का समर्थन किया

नई दिल्ली, 27 सितंबर। सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने दो अक्टूबर को होने वाले कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शन का समर्थन किया है। यह प्रदर्शन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रस्तावित है। सीजेपी चुनाव आयोग से जवाबदेही की मांग कर रही है। वांगचुक ने कहा कि देश में जवाबदेही बढ़ ने और चुनाव प्रक्रिया को बेहतर करने वाली किसी भी कोशिश का समर्थन होना चाहिए। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि वह प्रदर्शन में खुद मौजूद रहें, यह जरूरी नहीं है।

सोनम वांगचुक ने कहा कि किसी आंदोलन का समर्थन करने के लिए हर जगह खुद पहुंचना जरूरी नहीं है। उनके मुताबिक, आंदोलन अपने दम पर आगे बढ़ ने चाहिए। उन्होंने कहा कि अब इस मुद्दे पर कई लोग सामने आ रहे हैं। इसलिए उन्हें उम्मीद है कि सीईसी से जुड़े इस मामले में उनकी जरूरत नहीं पड़ेगी। उनका कहना था कि वह ऐसे आंदोलनों के साथ हैं, जिनका मकसद देश में जवाबदेही बढ़ ाना है।

कांग्रेस ने दिल्ली में दलित-आदिवासी सम्मान बैठक बुलाई

बैठक में हल्द्वानी की शुद्धिकरण घटना तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति पर अत्याचार रोकने की रणनीति पर चर्चा की जाएगी

नई दिल्ली, 27 सितंबर। कांग्रेस ने 29 सितंबर को दिल्ली में दलित-आदिवासी सम्मान बैठक बुलाने की घोषणा की है। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की उत्तराखंड के हल्द्वानी दौरे के बाद हुई कथित शुद्धिकरण घटना, अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदायों के खिलाफ हो रहे अत्याचार तथा ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए आगे की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। बैठक में लोकसभा और राज्यसभा के कांग्रेस सांसद, पूर्व सांसद, कांग्रेस शासित राज्यों के मंत्री, विधायक तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।

कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में तेलंगाना के नागरकुरनूल से सांसद डॉ. मल्लू रवि ने बताया कि 29 सितंबर को दोपहर 2:30 बजे संविधान क्लब के मावलांकर हॉल में दलित-आदिवासी सम्मान बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक का मुख्य उद्देश्य हल्द्वानी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की सभा के बाद हुई कथित शुद्धिकरण घटना पर चर्चा करना है। यह केवल खरगे का नहीं बल्कि पूरे अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदाय का अपमान था।

आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने कहा कि प्रस्तावित बैठक में दलित और आदिवासी समाज के सांसद, विधायक, पूर्व विधायक तथा विधान परिषद सदस्य शामिल होंगे। बैठक में साझा एजेंडा तैयार किया जाएगा और प्रत्येक राज्य में संयुक्त कार्रवाई मंच के माध्यम से दलितों और आदिवासियों के खिलाफ अन्याय तथा अत्याचार के मामलों में संघर्ष किया जाएगा। यह केवल एक बैठक नहीं बल्कि एक कार्रवाई मंच होगा, जो देश के किसी भी हिस्से में होने वाले अत्याचार के खिलाफ मजबूती से आवाज उठाएगा।

- **कांग्रेस की बैठक में लोकसभा-राज्यसभा के सांसद, पूर्व सांसद, कांग्रेस शासित राज्यों के मंत्री, विधायक तथा एआईसीसी के प्रतिनिधि भाग लेंगे।**

गुवाहाटी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आरोपों में कहा गया है कि पुलिस ने सुबह से ही कार्यक्रम स्थल तक जाने का रास्ता रोक दिया था, जिससे स्वयंसेवक पहाड़ी पर बनी मीटिंग की जगह तक नहीं पहुंच पाए। संगठन ने दावा किया है कि पूरे इलाके से लगभग 200-300 स्वयंसेवकों को एक साथ लाने की योजना बनाई गयी थी। हिरासत में लिए जाने के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए रांका ने आरोप लगाया कि असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा को इस बात की चिंता थी कि स्कूलों पर उनकी टीम का अभियान राज्य में स्कूलों की हालत की ओर लोगों का ध्यान खींचेगा।

तमिलनाडु सरकार ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

डिपार्टमेंट यानी सार्वजनिक कानून-व्यवस्था विभाग को सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005, के दायरे से बाहर करने की कोशिश की गई थी। इस फैसले पर चौतरफा आलोचनाओं के बाद सरकार ने यह कदम उठाया है। इस बात को ऐसे समझा जा सकता है कि मानव संसाधन प्रबंधन विभाग की तरफ से 21 सितंबर 2026 को जारी किए गए सरकारी आदेश के तहत आरटीआई अधिनियम की धारा 24 की उप-धारा (4) का हवाला देते हुए कानून-व्यवस्था विभाग को एक खुफिया और सुरक्षा संगठन मानकर आरटीआई के दायरे से छूट देने का प्रयास किया गया था।

आलोचकों और विपक्षी नेताओं का कहना था कि अगर इस विभाग को आरटीआई से बाहर कर दिया जाता, तो जनता से ये तमाम महत्वपूर्ण जानकारियां छिप जातीं, जिससे पारदर्शी शासन पर सवाल खड़े होते।

दूसरी ओर सरकार के इस फैसले के खिलाफ विपक्ष और विभिन्न दलों के नेता खुलकर विरोध में उतर आए थे। सीपीएम सांसद वेंकटेशन ने कड़ा ऐतराज जताते हुए कहा था कि यह कदम तमिलनाडु को एक पुलिस राज में बदलने की खुली कोशिश है और सरकार को तुरंत यह आदेश वापस लेना चाहिए।

ब्राज़ील की कंपनी ने वायुसेना के विमानों के लिए महिन्द्रा ग्रुप से पार्टनरशिप की

नई दिल्ली, 27 सितंबर। ब्राजील की विमान निर्माता कंपनी एम्ब्रेयर ने भारतीय वायुसेना के 60 मल्टी-रोल ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट (एमटीए) कार्यक्रम को लेकर अपनी साझेदारी स्पष्ट कर दी है। कंपनी ने कहा है कि इस रक्षा सौदे के लिए वह महिंद्रा ग्रुप के साथ मिलकर बोली लगाएगी और अपने केसी-390 मिलेनियम विमान को पेश करेगी। वहीं, नागरिक विमानन क्षेत्र में भारत में बढ़ ती कनेक्टिविटी और क्षेत्रीय उड़ानों की मांग को देखते हुए एम्ब्रेयर ने अदाणी ग्रुप के साथ साझेदारी की है।

- **कमर्शियल विमानों के लिए ब्राज़ील की कंपनी एम्ब्रेयर ने अडानी ग्रुप के साथ हाथ मिलाया।**

एम्ब्रेयर डिफेंस एंड सिक्योरिटी के प्रेसिडेंट और सीईओ बोस्को दा कोस्टा जूनियर ने एएनआई से बातचीत में दोनों साझेदारियों को लेकर स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में एमटीए कार्यक्रम के लिए कंपनी का भारतीय साझेदार महिंद्रा ग्रुप है, जबकि नागरिक विमान कारोबार के लिए अदाणी ग्रुप के साथ काम किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि कंपनी ने 2023 में भारत में सी-390 का प्रदर्शन किया था। उस दौरान भारतीय बाजार और संभावित साझेदारों का विस्तृत अध्ययन करने के बाद एमटीए कार्यक्रम के लिए महिंद्रा ग्रुप को अपना साझेदार चुना गया। बोस्को ने स्पष्ट किया कि सैन्य परिवहन विमान कार्यक्रम में महिंद्रा के साथ साझेदारी बनी रहेगी, जबकि नागरिक विमान क्षेत्र में अदाणी के साथ कंपनी की साझेदारी अलग दिशा में आगे बढ़ेगी।

भारतीय वायुसेना के एमटीए कार्यक्रम का उद्देश्य पुराने हो रहे परिवहन विमान बेड़े को चरणबद्ध तरीके से बदलना है। इसके तहत शुरुआत में 60 परिवहन विमानों की खरीद की योजना है। इसके अलावा जरूरत के मुताबिक शुरुआती संख्या से 50 फीसदी तक अतिरिक्त विमान खरीदने का विकल्प भी रखा गया है।

देश की पहली ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

है। रेलवे के अनुसार यह प्रणाली लगभग 40 प्रतिशत तक डीजल की जगह एलएनजी का उपयोग कर सकती है। इस सेवा को शुरू करने से पहले इसका 2,000 किलोमीटर से अधिक का फील्ड ट्रायल भी किया गया।

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री शाह ने 1,542 करोड़ से अधिक की विभिन्न रेल परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास और शुभारंभ किया। उन्होंने साबरमती में नवनिर्मित डब्ल्यूएजी-12 इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव मेंटेनेंस शेड राष्ट्र को समर्पित किया। लगभग 700 करोड़ की लागत से निर्मित यह शेड उच्च क्षमता वाले डब्ल्यूएजी-12 इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के रख रखाव के लिए विकसित किया गया है। डब्ल्यूएजी-12 लोकोमोटिव लगभग 12,000 हॉर्सपावर क्षमता वाला है और भारी मालगाड़ियों के संचालन में उपयोग किया जाता है।

- **गृह मंत्री अमित शाह ने साबरमती में ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।**

नेपाल में बाढ़ से 500 घर डूबे, दो हजार लोग प्रभावित

तीन दिन से लगातार हो रही बरसात के कारण सप्तकोसी नदी का पानी बस्तियों में घुसा

काठमांडू, 27 सितंबर। पिछले तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण नेपाल के सप्तरी जिले में बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है।

हनुमाननगर कंकालिनी नगरपालिका और तिलाठी कोइलाडी गांवपालिका में बाढ़ का पानी घुसने से करीब 500 घर डूब गए हैं। बाढ़ के कारण दो हजार से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं।

हनुमाननगर कंकालिनी नगरपालिका के प्रमुख वीरेन्द्र माझी ने बताया कि शुक्रवार रात सप्तकोसी नदी में पानी का स्तर बढ़ ने के बाद बस्तियों में बाढ़ का पानी घुस गया। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए तत्काल सुबह और शाम दो वक्त के भोजन की व्यवस्था की गई है। कालीगंडकी नदी के तेज बहाव में स्यांगजा के मिर्मी और गुल्मी के हर्मिचौर को जोड़ने वाला पुल बह गया। यह पुल मिर्मी डैम साइट से नीचे स्थित था। गुल्मी के पुलिस प्रमुख एसपी भीम किरण बोगटी ने भी पुल के बहने की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि यह बेली ब्रिज था, जिससे चार पहिया वाहन आवागमन करते थे। रविवार सुबह करीब 6 बजे बाढ़ के तेज बहाव में पुल बह गया। पुल बहने के बाद मिर्मी और हर्मिचौर के बीच यातायात और आवागमन प्रभावित हो गया है।

- **पुलिस एसपी भीम किरण बोगटी ने बताया कि कालीगंडकी नदी के तेज बहाव में स्यांगजा के मिर्मी व गुल्मी के हर्मिचौट को जोड़ने वाला पुल बह गया।**

अखिलेश यादव इंडिया गठबंधन की 30 सितंबर की बैठक में शामिल नहीं होंगे

लखनऊ, 27 सितंबर। सपा और कांग्रेस के नेताओं के बीच सीट शेयरिंग को लेकर चल रही बयानबाजी के बीच अखिलेश यादव 30 सितंबर को दिल्ली में होने वाली इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल नहीं होंगे। पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि वह इस बार बैठक में शामिल नहीं हो पाएंगे। उन्होंने कहा, इस बारे में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से उनकी बात हुई है। ''उस दिन मैं (अखिलेश यादव) व्यस्त हूं। गठबंधन की बैठक में हमारी पार्टी के वरिष्ठ नेता जाएंगे।'' राजनीतिक गलियारों के इस बात के निहितार्थ निकाले जा सकते हैं।

सपा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रदेश सपा मुख्यालय पर रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि चुनाव आयोग अपनी विश्वसनीयता बचाए।

अक्टूबर में फ्रिज, एसी, टीवी, वॉशिंग मशीन के दाम बढ़ेंगे

कॉपर, स्टील, एल्युमीनियम व फ्रेट की कीमतों में वृद्धि के कारण आठ प्रतिशत इलैक्ट्रोनिक सामनों के दाम बढ़ाने की तैयारी

नई दिल्ली, 27 सितंबर। त्योहार के सीजन में अगर आप एसी, टीवी, फ्रिज या वॉशिंग मशीन खरीदने की तैयारी कर रहे हैं तो आपकी जेब पर असर पड़ सकता है। कॉपर, स्टील, एल्युमीनियम और अन्य कच्चे माल की बढ़ ती कीमतों के साथ-साथ महंगे फ्रेट और रुपये में उतार-चढ़ ाव के कारण कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और अप्लायंस कंपनियां कीमतें बढ़ ाने की तैयारी कर रही हैं।

इंडस्ट्री से जुड़े अधिकारियों के अनुसार, 1 अक्टूबर 2026 से कई कंपनियां एसी और दूसरे घरेलू उपकरणों की कीमतों में 5 प्रतिशत से 8 प्रतिशत तक बढ़ोतरी कर सकती हैं। कुछ कंपनियों ने पहले ही कीमतें बढ़ ा दी हैं, जबकि कुछ कंपनियां अभी लागत का आकलन कर रही हैं। वर्ष 2026 में कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री की ओर से की जाने वाली कीमतों में यह तीसरी बढ़ोतरी होगी।

- **थामसन टीवी के सीईओ के अनुसार, पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण शिपमैंट देर से आ रहे हैं तथा फ्रेट में ढाई गुना वृद्धि हो चुकी है। प्लास्टिक व मेटल के दाम भी बढ़ रहे हैं। इन सब के कारण टीवी, वॉशिंग मशीन आदि की कीमतें बढ़ रही हैं।**

थॉमसन टीवी इंडिया के सीईओ अवनीत सिंह मारवाह ने बताया कि पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण काफी अनिश्चितता बढ़ गई है। साथ ही शिपमेंट में देरी हो रही है और फ्रेट कॉस्ट में भी ढ ाई गुना का इजाफा हुआ है। कच्चे तेल के दाम बढ़ ने से प्लास्टिक भी महंगी हुई है। इसके अलावा मेटल के भी दाम बढ़े हैं। टीवी, वॉशिंग मशीन आदि में मेमरी चिप का इस्तेमाल होता है। पिछले एक साल में मेमरी की कीमत में कई गुना का इजाफा हुआ है। ऐसे में प्रोडक्शन लागत काफी बढ़ गई है। इन सब चीजों के कारण टीवी, वॉशिंग मशीन आदि के दाम में इजाफा किया जा रहा है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- प्लाट नम्बर H1-4, इन्डस्ट्रीयल एरिया फैस प्रथम, जालौर, (राज.) फोन नम्बर 226422, 226423, जालौर। फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908